B.A. – III

COURSE CODE – HINBA3PUP

सैंटर फॉर डिस्टेंस एण्ड ऑनलाइन ऐजुकेशन और रैगुलर विद्यार्थियों के लिए

2025-2026सैशन के लिए

Semester-V

सैंटर फॉर डिस्टेंस एण्ड ऑनलाइन ऐजुकेशन और रैगुलर विद्यार्थियों के लिए

पूर्णांक-100

लिखित परीक्षा- 70

आंतरिक मूल्यांकन- 30

समय- 3 घण्टे

पास अंक लिखित में 25, आंतरिक में 11

पास प्रतिशत- 35

नोटः सप्ताह में छह पीरियड में से दो पीरियड कम्पोजीशन को दिए जायेंगे, कम्पोजीशन ग्रुप में विद्यार्थियों की संख्या 07-10 तक रहेगी। शेष चार पीरियड टैक्स्ट को दिए जायेंगे।

हिंदी साहित्य और काव्यशास्त्र- (विकल्प-I) HINBA3PUP-109

निर्धारित पाठ्यक्रम

उद्देश्यः-

1. विद्यार्थियों को काव्य के स्वरूप व काव्य के भेदों से परिचित करवाना।
2. काव्य के विभिन्न संप्रदायों से विद्यार्थियों को अवगत करवाना।
3. विद्यार्थियों को काव्य के प्रयोजन से परिचित करवाना।

अधिगम प्रतिफलः-

1. विद्यार्थी भारतीय काव्यशास्त्र के विभिन्न सम्प्रदायों तथा शब्द-शक्तियों से परिचित होंगे।
2. विद्यार्थियों की काव्यशास्त्र में रुचि पैदा होगी।
3. विद्यार्थियों में साहित्य की समझ पैदा होगी।

खण्ड-क

इस खण्ड के निम्नानुसार दो भाग होंगे : -

1. काव्यशास्त्र : काव्य का स्वरूप, प्रयोजन, भेद, महाकाव्य के लक्षण, शब्द-शक्तियाँ।
2. छन्द (लक्षण-उदाहरण सहित) दोहा, चौपाई, सोरठा, हरिगीतिका, कुँडलिया, छप्पय, बरवै, उल्लाल, तोमर व अहीर (केवल दस छन्द)

Head
Hindi Department
Punjabi University, Patiala

## खण्ड-ख

इस खण्ड के निम्नानुसार दो भाग होंगे :-

1. मध्या सम्पादक : डॉ. रवि कुमार अनु, पंजाबी विश्वविद्यालय प्रकाशन, पटियाला (केवल बिहारी को छोड़कर अन्य सभी कवि)।
2. निबन्ध परिवेश (सं योगेन्द्र बख्शी) पब्लिकेशन ब्यूरो, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला।
   केवल पाँच निबन्धकार : भारतेन्दु, पूरन सिंह, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, धर्मवीर भारती, कुबेरनाथ राय।

## खण्ड-ग

उपर्युक्त समूचे पाठ्यक्रम में से 11 लघु उत्तरीय प्रश्न बिना विकल्प के पूछे जाएंगे।

### विद्यार्थियों और परीक्षकों के लिए आवश्यक निर्देश

1. प्रश्न पत्र तीन भागों में विभक्त किया जाएगा।
2. पाठ्यक्रम के सभी खण्डों में से प्रश्न पूछे जाएंगे।
3. प्रश्न पत्र के भाग एक में पाठ्यक्रम में निर्धारित खण्ड-क में से कुल चार प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से विद्यार्थियों को किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य होंगे। परीक्षक इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि खण्ड क में निर्धारित पाठ्यक्रम में से समान अनुपात से प्रश्न पूछे जाएं। अंक (12×2=24)
4. प्रश्न पत्र के भाग दो में पाठ्यक्रम के खण्ड-ख में से चार प्रश्न पूछे जाएंगे जिनकी रूपरेखा निम्नानुसार होगी-

(I) निर्धारित पाठ्यक्रम के खण्ड-ख में निर्धारित कृतियों में से व्याख्या से संबंधित दो प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से विद्यार्थियों को किसी एक प्रश्न का उत्तर देना होगा। परीक्षक को एक प्रश्न के अंतर्गत दो व्याख्याएं पूछनी अनिवार्य हैं और यह इस प्रकार पूछी जाएं कि विद्यार्थियों को प्रत्येक कृति में से एक व्याख्या अवश्य करनी हो। प्रश्न समग्र रूप से 12 अंकों का होगा।

(II) दूसरे उपभाग में पाठ्यक्रम के खण्ड-ख में निर्धारित कृतियों में से दो आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रश्न 12 अंकों का होगा। अंक (12×2=24)

5. भाग तीन में पूरे पाठ्यक्रम में से 11 लघुउत्तरीय/ वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा। अंक (11×2=22)

Head
Hindi Department
Punjabi University, Patiala